अनुक्रमांक ..........................

कूट सं. : 820121.1(M) - $SA_2$

कक्षा – आठवीं

# हिंदी

(संकलनात्मक मूल्यांकन – II)

कृपया जाँच कर लें कि **इस** प्रश्न पत्र में कुल 18 **प्रश्न हैं** और कुल 8 मुद्रित **पृष्ठ हैं।**

निर्धारित समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 80

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं – 'क' और 'ख' ।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में दी गई है।

## खंड – 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 1×5=5

सत्य की बड़ी महिमा है। मनुष्य को अपने वास्तविक विश्वासों को प्रकट करने का साहस होना चाहिए। चरित्रवान मनुष्यों के लिए यह गुण अत्यंत आवश्यक है। भय अथवा खुशामद के लिए झूठ बोलना निंदनीय कार्य है। संसार में दूसरों को उपदेश देने में कुशल लोगों की कमी नहीं है पर कर्त्तव्यपरायण लोगों की कमी है, इसी कारण संसार की सुंदर से सुंदर योजनाएँ निष्फल हो जाती हैं। जो लोग विपत्ति आने पर भी विचलित नहीं होते, प्रलोभनों के जाल में नहीं फँसते और ध्येय की पूर्ति के लिए लाभ-हानि का ख्याल नहीं करते, वे ही सच्चे कर्त्तव्यपरायण समझे जाते हैं।

(क) मनुष्य में किस प्रकार का साहस होना चाहिए?

(ख) किस प्रकार के कार्य को निंदनीय कहा गया है?

(ग) संसार में कैसे लोगों की कमी नहीं है?

(घ) संसार की सुंदर से सुंदर योजनाएँ क्यों निष्फल हो जाती हैं?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1×5=5

पाठ अंग्रेजी का भी पढ़ाया करती थी,
माँ तो हिंदी में ही झिड़की लगाया करती थी।
सौ अलंकार फिर दुलार के थी अपनाती,
कह के 'लाडो मेरी' गले लगाया करती थी।
जो विदेशी के रंग में चूर रहते हैं,
अपने संस्कारों से वे दूर रहते हैं।
खेत चुग जाती है चिड़िया तो होश आता है,
अपने जीवन से वो फिर थक के चूर रहते हैं।

(क) माँ किस भाषा का भी पाठ पढ़ाती थी?

(ख) विदेशी के रंग में चूर रहने वालों को क्या हानि होती है?

(ग) माँ 'झिड़की' लगाने के लिए किस भाषा का प्रयोग करती थी?

(घ) कवि के अनुसार होश कब आता है?

(ङ) माँ क्या कहकर गले लगाती थी?

3. (क) सत् + गुण की संधि का उचित विकल्प छाँटकर लिखिए - 1

(i) सतगुण (ii) सद्गुण

(iii) सत्गुण (iv) सदगुण

(ख) 'संवाद' का संधि विच्छेद है - 1

(i) सं + वाद (ii) सम + वाद

(iii) सम् + वाद (iv) सन् + वाद

4. 'कुशल' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए। 1

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 1

सूर्य, आकाश ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए - 1

आदि, जड़ ।

6. (क) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए - 1

जिसके नीचे रेखा खिंची हो।

(ख) निम्नलिखित में से किस शब्द में 'र' का उचित प्रयोग किया गया है - 1

(i) आशरम (ii) आशर्म

(iii) आशर्‌म (iv) आश्रम

7. (क) निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटकर लिखिए - 1

(i) गाड़ी ठीक समय पर आएगी।

(ii) गाड़ी समय ठीक पर आएगी।

(iii) गाड़ी सही समय को आएगी।

(iv) गाड़ी समय ठीक पर आएगी।

(ख) (अ) निम्नलिखित में उचित विराम चिह्न वाला वाक्य है - 1

(i) डॉक्टर ने पूछा, क्या आप ठीक हैं।

(ii) डॉक्टर ने पूछा, 'क्या आप ठीक हैं'?

(iii) डॉक्टर ने पूछा, 'क्या आप ठीक हैं'!

(iv) डॉक्टर ने पूछा- क्या आप ठीक हैं।

(आ) 'त' विराम-चिह्न का नाम है - 1

(i) निर्देशक (ii) योजक

(iii) कोष्ठक (iv) हंसपद

(ग) (अ) रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए। 1

बच्चों ने खीर खाई और सो गए।

(i) सरल (ii) संयुक्त (iii) मिश्र

(आ) सरल वाक्य छाँटकर लिखिए - 1

(i) मैंने एक आदमी देखा जो बहुत बीमार था।

(ii) मैंने एक बहुत बीमार आदमी देखा।

(iii) एक ऐसा आदमी जो बहुत बीमार था मैंने देखा।

(iv) मैंने देखा एक आदमी जो बहुत बीमार था।

8. (क) 'अभिनेता' शब्द में उपसर्ग है - 1

(i) अभी (ii) अ

(iii) अभ (iv) अभि

(ख) 'नैतिक' शब्द में प्रत्यय है - 1

(i) इक (ii) ईक

(iii) तिक (iv) क

9. (क) निम्नलिखित में से किसी एक समस्तपद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए - 1

(i) दूध-दही (ii) लंबोदर

(ख) निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के स्थान पर समस्तपद लिखकर समास का नाम लिखिए - 1

आगे जाकर चार राहों का समूह है।

अथवा

उसने पेट भर कर खाना खाया।

10. (क) उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - 1

(i) भारतीय संस्कृति अतिथि को .................. बिठाती है।

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए - 1

नाक में दम करना।

आसमान सिर पर उठाना।

(ख) 'अतिशयोक्ति' अथवा रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

11. बीमारी के कारण परीक्षा न दे पाने पर प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए आवेदन-पत्र लिखिए। 5

अथवा

आप देव/देविका हैं। शिमला छात्रावास में रहते हैं। व्यायाम का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर 100 - 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- 5

(क) जीवन में पर्वों का महत्त्व

: भारत और विभिन्न प्रकार के पर्व

: पर्वों का अर्थ

: पर्वों को मनाने के ढंग

: विभिन्न पर्वों के लाभ व संदेश

(ख) प्राकृतिक आपदा : भूकंप

: भूकंप के कारण

: भूकंप का भयानक रूप

: जन - जीवन पर प्रभाव

: बचने के उपाय

(ग) काश! मैं वृक्ष होता / होती

: वृक्ष बनने की चाह

: वृक्षों के गुण

: वृक्षों के लाभ व उपयोगिता

: वृक्षों का वातावरण पर प्रभाव

(घ) विज्ञान

: विज्ञान के आविष्कार

: आधुनिक जीवन में योगदान

: लाभ व हानियाँ

: उपसंहार

## खंड - 'ख'

13. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5

एक अकेला ताँगा था दूरी पर

कोचवान की काली - सी चाबुक के बल पर वो बढ़ता था

घूम-घूम जो बल खाती थी सर्प सरीखी
बेदर्दी से पड़ती थी दुबले घोड़े की गर्म पीठ पर
**भाग रहा वह तारकोल की जली**
**अँगीठी के ऊपर से।**

(i) काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) चाबुक को किसके समान बताया गया है?

(iii) घोड़े की स्थिति कैसी थी?

(iv) सड़क की तुलना किससे की गई है?

(v) काव्यांश में कोचवान किसे कहा गया है?

14. पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5

बा भी कम नहीं थी। वे गाँधी जी से कहती- "अब रहने भी दीजिए। आप क्या कुछ कम थे? हर रविवार को मुझसे पूरन पोली और पकौड़ियाँ बनवाकर पहले चटकर जाने वाले आप ही थे या कोई और?" गाँधी जी कहते- "तू तो मेरी सारी पोल खोल देगी।"

इस तरह से गाँधी जी आश्रम में आने वाले हर छोटे-बड़े व्यक्ति का खुद ख्याल रखते। कस्तूरबा और दूसरे आश्रम के भाई-बहनों को स्वयं सेवाओं से उदाहरण देते जाते। वे खुद करते, फिर कहते। गाँधीजी केवल उपदेशक नहीं थे। कर्मयोगी थे।

(i) पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गाँधी जी की पत्नी का क्या नाम था?

(iii) गाँधी जी के पसंदीदा व्यंजन कौन-से थे?

(iv) गाँधी जी के चरित्र की क्या विशेषता थी?

(v) गद्यांश से छाँटकर एक मुहावरा लिखिए।

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 1x6=6

(i) लेखक रॉकेट पायलेट क्यों बनना चाहता था?

(ii) अम्मा आगरा जाने के लिए सामान क्यों बाँधने लगीं?

(iii) महाराज दशरथ के चारों पुत्र किस चीज़ को माँगने की ज़िद करते हैं?

(iv) प्रमोद कौन था? वह किसको विदा करवाने आया था?

(v) लेखिका (**महादेवी वर्मा**) यात्रा पर किसे ले गई और क्यों?

(vi) ईर्ष्या की बेटी **किसे कहा गया है**?

(vii) गाँधी जी ने सिला हुआ कपड़ा पहनना क्यों छोड़ दिया था?

16. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर 25 - 30 शब्दों में लिखिए :- 3 ×4 =12

(i) भार - शून्य संदूक में लेखक ने तकलीफदेय स्थिति क्यों महसूस की?

(ii) बातचीत करते समय किन - किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(iii) दहेज के लेन - देन की गलत प्रथा के लिए आप किसे जिम्मेदार मानते हैं? क्या आप इसे समाप्त करने का कोई तरीका सुझा सकते हैं?

(iv) ईर्ष्या को अनोखा वरदान क्यों कहा गया है?

(v) गाँधी जी कागज़ का अपव्यय किस प्रकार रोकते थे?

17. निम्नलिखित प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए -

पाठ 'बहू की विदा' के आधार पर राजेश्वरी देवी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

18. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प छाँटकर लिखिए :- 7

(क) स्वर्ग को जाने की सीढ़ियाँ हैं -

(i) दो सीढ़ियाँ (ii) चार सीढ़ियाँ

(iii) पाँच सीढ़ियाँ (iv) सात सीढ़ियाँ

(ख) सोना का प्रिय खाद्य पदार्थ था -

(i) चावल (ii) केला

(iii) काजू (iv) बिस्कुट

(ग) हिंदुस्तानी प्रचार सभा की बैठक कहाँ होने वाली थी -

(i) आश्रम में (ii) गाँधी जी की कुटी में

(iii) मैदान में (iv) घर में

(घ) बीरबल ने अपनी वाक्पटुता से जान बचाई -

(i) तोते की | (ii) स्वयं की
(iii) तोते के रखवाले की | (iv) बादशाह की

(ङ) मणिबहन किसकी पत्नी थी -

(i) नरहरि भाई | (ii) हरिहर भाई
(iii) नरसिंह भाई | (iv) छगन लाल

(च) दुपट्टे से मुँह ढ़ककर कौन सो रहा था-

(i) सज्जन की माँ | (ii) तरकारी वाली
(iii) अम्मा | (iv) हज्जन माँ

(छ) यशोदा मैया से कौन शिकायत कर रहा है -

(i) श्रीकृष्ण | (ii) बलराम
(iii) श्रीराम | (iv) ग्वालबाल